हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 31 मई 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 विकसित कृषि संकल्प अभियान में 30 किसानों...



14 आशा इकाई से बाल विवाह रोकने और कानूनी ...



## खबर संक्षेप

### संपर्क केंद्र की सक्रियता से 32 शिकायतों पर हुई त्वरित कार्रवाई

**बलौदाबाजार**। कलेक्टर दीपक सोनी के नेतृत्व में अवैध रेत खनन के खिलाफ़ कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले का संपर्क केंद्र कंट्रोल रूम के रूप में काम कर रहा है, जहां अब तक 32 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। संपर्क केंद्र में दूरभाष के माध्यम से अवैध रेत खनन के विषय में ओटेबंद क्षेत्र से 6, चकरवाय, खैरघाट, शिवनाथ नदी क्षेत्र से 7, मानाकोनी क्षेत्र 2, दतान ख महानदी क्षेत्र 15 और भालूकोना से प्राप्त 2 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। इस सभी प्रकरणों में नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा रिंगनी,डोंगरिया, केसदा, कोड़ापारा, सेमरिया, खोखली, तरेंगा,सुमा, सुरखी, दावनबोड़, बोड़तरा, जरौद, मुढ़ीपार हसुवा से अवैध मुरूम खनन की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### महिला आयोग में प्रकरणों की सुनवाई 6 को

**बलौदाबाजार** । छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा जिले से सम्बंधित प्रकरणों की सुनवाई 6 जून को की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य लक्ष्मी वर्मा एवं सरला कोसरिया की उपस्थिति में सुनवाई जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी। सुनवाई हेतु कुल 26 प्रकरण तय किए गए है।

### अंत्योदय एवं आदिवासी स्वरोजगार के लिए भौतिक लक्ष्य निर्धारित

**बलौदाबाजार**। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बलौदाबाजार अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत 351 एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनांतर्गत 19 भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बलौदाबाजार विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 118 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 3, भाटापारा विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 101 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 1, कसडोल विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 30 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 5, पलारी विकासखण्ड के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 40 एवं आदिवासी भौतिक लक्ष्य 4 एवं विकासखण्ड सिमगा के लिए अंत्योदय भौतिक लक्ष्य 62 एवं आदिवासी 6 भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### मंत्रियों एवं विधायकों के निज सचिवों का प्रशिक्षण आज

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मंत्रियों एवं सदस्यों के निज सचिव और निज सहायकों का छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन स्थित समिति कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, शुक्रवार को आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से शाम 5.25 बजे तक होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप एवं विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

### निर्माण कार्य धीमा, सभापति राठौड़ ने जताई नाराजगी

**रायपुर**। सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने गुढ़यिारी स्थित शशिबाला कन्या शाला के निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने जोन 2 कमिश्नरी की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य को 15 जून तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। ताकि 16 जून से प्रारंभ हो रहे नए शिक्षा सत्र से नई बिल्डिंग में कक्षायें लगायी जा सकें। श्री राठौर ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इसकी सतत मानिटरिंग करने की हिदायत भी दी।

# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से जिले के पांच शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

नवाचारी गतिविधियां समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व-प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है, इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन 29 मई को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर सह एससी ईआरटी में आयोजित हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ से 155 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान हुआ। इस कार्यक्रम मे अतिथि के रूप में जेपी रथ अपर संचालक एससी ईआरटी, डा. बी. रघु सहायक संचालक एससीई आरटी, बीएल दिवांगन

**राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2024-25 का आयोजन**



डाईट प्राचार्य, डा. एसके जैन डाईट रायपुर, केके साहू डाईट रायपुर, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थति रहे। इस भव्य कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिला से रोशनी साहू पलारी, चंद्रकांती नवरंग बलौदाबाजार, कन्हैया साहू भाटापारा, सिमगा से केदारनाथ वर्मा और तुलसी साहू कसडोल को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मेमोंटो, पेन भेंट कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सतत सहयोग के लिए ऋतु वर्मा मिडिल स्कूल हथबंध को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित अन्य राज्यों के शिक्षकों को डाक पते पर पुरस्कार सामग्री पोस्ट की जायेगी।

### सहायता राशि 4 लाख का चेक प्रदान किया और बेहतर इलाज के दिए निर्देश

# बिजली गिरने से सहमा परिवार, आठ घायलों से मिलने पहुंचे मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शुक्रवार को जिला अस्पताल बलौदाबाजार पहुंचे, जहां उन्होंने आकाशीय बिजली गिरने से झुलसे लोगों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा। वे उपचाररत सभी से मिले और उनके स्वास्थ्य एवं ईलाज की जानकारी ली। इसके साथ ही घटना के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने वहां उपस्थित परिजनों से भी मुलकात की। बेहतर ईलाज के लिए चिकित्सकों क्रो निर्देशित किया।

राजस्व मंत्री वर्मा ने सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार अवस्थी से उपचाररत सभी पीड़ितों की स्थिति की जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती 8 लोगों का ईलाज जारी है तथा उनकी स्थिति सामान्य है। शनिवार अपरान्ह तक सभी क्रो डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति इलाज हेतु निजी अस्पताल में भर्ती है। इस दौरान राजस्व मंत्री ने अस्पताल में इलाज कराने आये मरीजों से भी मिले







और अस्पताल में मिल रहे इलाज व सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। उन्होंने मातृ एवं शिशु अस्पताल का भी जायजा लिया और माह में डिलीवरी की संख्या व सुविधाओं की जानकारी ली। इसके उपरांत राजस्व मंत्री ने ग्राम पहंदा पहुंचकर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मृतक प्रतीक कोसले के शोक संतप्त परिवार से मिले और उन्हें ढाढंस बंधाया। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 12 पर

# जिला बदर का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए जिले में समाधान सेल प्रारंभ किया गया। इसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल के हेल्पलाइन नंबर में व्हाट्सएप अथवा काल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से अपराधिक कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कसडोल की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी विशाल साहू को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा धारा 3,5(ख) 2023 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत आरोपी विशाल साहू को जिलाबदर किया गया है। उक्त आदेश के तहत आरोपी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ आदि जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है तथा आदेश में अनावेदक को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने संबंधी आदेश का भी उल्लेख है।

■ एसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

### जिला बदर के बावजूद नगर में घूम रहा था आरोपी

30 मई को समाधान सेल में सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी विशाल साहू, पारस नगर कसडोल में घूम रहा है। सूचना पर कसडोल से उप निरीक्षक सुखेन नायक, प्रधान आरक्षक देवेंद्र देवांगन, आरक्षक आशुतोष बंजारे, प्रताप बंजारे एवं महिला आरक्षक सरस्वती नेटी पुलिस टीम ने जिलाबदर आरोपी विशाल साहू को मौके पर ही पकड़ कर हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा जिलाबदर के आदेश होने के उपरांत भी कसडोल नगर में घूमने संबंधी पूछताछ पर आरोपी द्वारा स्वयं के जिलाबदर का आदेश होना जानते हुए भी कसडोल नगर में घूमना स्वीकार किया गया। कि आरोपी का कृत्य धारा 14, 15 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का घटित पाए जाने से आरोपी को शुक्रवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# कला जत्था ने दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जल संरक्षण को लेकर आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत शुक्रवार क्रो ग्राम रावन में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला जत्था के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल के समुचित उपयोग के बारे में महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। कला जत्था की टीम ने नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत और संवादों के माध्यम से ग्रामीणों को जल की महत्ता समझाई और बताया कि किस प्रकार हम सभी मिलकर जल संकट से बच सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी ▶▶ शेष पेज 12 पर

## बारिश से नवतपा रहा बेअसर...



**पलारी**। नवतपा में झुलसा देने वाली गर्मी इस बार राहत भरा रहा है। छठवें दिन भी नवतपा बेअसर रहा। नवतपा के छठवें दिन भी धुप और छाव में लुकाछिपी का खेल चलते रहा और 4 बजते ही जोरदार गरज के साथ झमाझम बारीश हो गई, जिससे तापमान में गिरावट देखने को मिली। हालांकि जनमानस को उमस से थोड़ा बेचैन रही।

# छत्तीसगढ़ यादव झेरीया समाज की बैठक कल

**पलारी**। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज लवनराज पलारी परिक्षेत्र की वार्षिक बैठक राधा कृष्ण मंदिर बालसमुंद पलारी में 1 जून को आयोजित है। इसमें सामुदायिक भवन का भूमि पूजन, जनप्रतिनिधियों व महिला स्व सहायता समूह का सम्मान तथा इस वर्ष 10वीं और 12वीं में 80 प्रतिशत व उससे अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया जायेगा।बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निपटारा और समाज में शिक्षा पर गहन चर्चा सहित रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू होंगे तथा अध्यक्षता सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष करेंगे। विशिष्ठ अतिथि गणेश गौ सेवक ▶▶ शेष पेज 12 पर

### मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत पानी की हर बून्द क्रो सहेजने के प्रयास तेज

# पीएम आवास में बनाये जा रहे वाटर हार्वेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

जिले में मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत पानी की हर बूंद बचाने के प्रयास तेजी से की जा रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना में तहत निर्मित आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य प्राथमिकता से हो रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी लगातार अभियान की समीक्षा भी कर रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के उपाय के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जोर दिया जा रहा रहा है। कलेक्टर सोनी ने बताया कि जल संरक्षण के सभी मुमकिन पहलुओं पर विचार करते हुए कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को जागरूक कर जनभागीदारी जल संचयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पक्के आवासों की छतों के माध्यम से वर्षा जल संचयन के लिए संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर सोनी ने बताया कि हमारे जिले की जनता जागरूक है और इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है।



### 5171 लोगों ने अपने मकानों में किया वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण

जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने बताया कि अभियान के तहत अब तक पीएम आवास योजना के तहत निर्मित 5171 मकानों में सोखता गड्ढा और वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण हितग्राहियों ने ख़ुद किया है, यह एक कारगर कदम है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 24 अप्रैल को मोर गांव मोर पानी महाअभियान प्रारम्भ किया गया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं जल संचयन के प्रति जन जागरूकता पैदा कर भूजल संरक्षण संबंधी आवश्यक निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

# धोखाधड़ी का आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार




लोगों से पैसे उधारी लेकर वापस ना करते हुए, उनके साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

प्रार्थी अरमान मोहम्मद निवासी ग्राम बिटकुली ने पुलिस को बताया कि गांव का मिर्जा जलील बेग ने बिटकुली सहित खपरी आर, ग्राम पासीद तथा आसपास के ग्रामों के विभिन्न लोगों से माता-पिता एवं बेटी की तबीयत खराब होने, ट्रैक्टर का किस्त पटाने, होम लोन पटाने, भाई को जनपद सदस्य का चुनाव लड़ाने, कृषि कार्य आदि भांति-भांति प्रकार की बातें बोलकर एवं बहाना मारकर पैसा उधारी लिया। विश्वास हासिल करने मिर्जा जलील ने लोगों से इकरारनामा एवं कोरा चेक देकर छलपूर्वक लोगों से धोखाधड़ी किया है। इस रिपोर्ट पर चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली में धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में चौकी करहीबाजार पुलिस ने शिकायत जांच कर तथा त्वरित कार्रवाई कर प्रकरण से संबंधित ग्रामवासियों एवं गवाहों के कथन लेकर विवेचना कार्रवाई करते हुए आरोपी मिर्जा जलील बेग को हिरासत में लिया। आरोपी से पूछताछ पर उसके द्वारा ग्राम बिटकुली, खपरी आर, पासीद एवं आसपास के ▶▶ शेष पेज 12 पर

# सर्वाधिक अतिशेष रायपुर में, कहीं 33 छात्राओं पर 7 शिक्षक तो कहीं 98 को पढ़ाने 10 का अमला

## शिक्षक संघ के प्रदर्शन और हड़ताल की घोषणा बाद जारी किए गए शासकीय आंकड़े

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में बसने की चाहत ऐसी है कि थोक में शिक्षकों द्वारा साम-दंड-भेद की नीति अपनाकर यहां तबादला करवा लिया जाता है। हालात ये हैं कि प्रदेश में सर्वाधिक अतिशेष शिक्षक रायपुर में ही हो गए हैं। इसके अलावा बिलासपुर और दुर्ग जैसे जिलों में भी आवश्यकता से अधिक शिक्षक हैं। यहां के दर्जनभर से अधिक विद्यालयों में प्रति 8 से 10 छात्रों पर एक-एक शिक्षक तैनात हैं। जबकि रिपोर्ट के मुताबिक 211 स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं हैं। इनमें से अधिकतर आदिवासी क्षेत्रों और ग्रामीण अंचल में स्थित है। रायपुर जिले के विभिन्न विकासखंड की समीक्षा कई स्तरों पर की जा रही हैं। धरसीवां विकासखंड में की गई हालिया समीक्षा में कई ऐसे विद्यालयों की सूची सामने आई है, जहां शिक्षक आवश्यकता से कहीं अधिक संख्या में पदस्थ हैं।

### बाद में आए शिक्षक माने जाएंगे सरप्लस

*स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात का गहन अध्ययन कर यह निर्धारित किया जा रहा है कि कहां कितने शिक्षक की वास्तव में जरूरत है और कहां उनकी अधिकता है। अधिशेष शिक्षकों को आवश्यकता वाले विद्यालयों में पदस्थ किया जाएगा, ताकि सभी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। जिन शिक्षकों का तबादला बाद में हुआ है, नियमतः उन्हें सरप्लस माना जाएगा। अर्थात अतिरिक्त शिक्षकों वाले स्कूलों में से उन शिक्षकों को निकाला जाएगा जिनकी नियुक्ति उक्त संस्थान में बाद में हुई है। उन्हें कम शिक्षक वाले दूसरे स्कूल में भेजा जाएगा।*



### ये हैं सर्वाधिक शिक्षक वाले स्कूल

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या सरस्वती नयापारा में केवल 33 छात्राएं हैं, जबकि 7 शिक्षक तैनात हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या रविग्राम में 82 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं और 8 शिक्षक कार्यरत हैं। शासकीय प्राथमिक शाला मानाकैम्प में 104 विद्यार्थी हैं और वहां 11 शिक्षक पदस्थ हैं। शासकीय प्राथमिक शाला तेलीबांधा रायपुर में 109 विद्यार्थी हैं, जबकि 9 शिक्षक हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैरनबाजार में 98 विद्यार्थी हैं और 10 शिक्षक कार्यरत हैं।

## खबर संक्षेप

### उपभोक्ता भंडार में चोरी नाबालिग समेत 4 गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र के दुर्गा कॉलेज के पास सहकारी उपभोक्ता भंडार में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। शादाब अली की शिकायत पर पुलिस ने शहबाज खान उर्फ सब्बू, हामिद अली, मुनीर अहमद उर्फ बब्बू तथा एक नाबालिग को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। बदमाश सहकारी उपभोक्ता भंडार के शटर का ताला तोड़ गल्ले में रखे नकदी दो लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिए थे। चोरी करते बदमाशों का पुलिस को सीसीटीवी फूटेज मिला था। पुलिस ने फूटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उन्हें धर-दबोचा।

### जिला न्यायालय परिसर में हुई कई मनोरंजक स्पर्धा वकीलों ने खेला कैरम



**रायपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जिला अधिवक्ता संघ द्वारा जिला न्यायालय परिसर में विभिन्न रोचक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला में मेहंदी, रंगोली और कैरम प्रतियोगिता के बाद अब गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसी दौरान ज़िला अधिवक्ता संघ के सांस्कृतिक सचिव अधिवक्ता परसराम कश्यप ने कहा कि, अधिवक्ताओं ने कोर्ट की कार्यवाही पूरी करने के बाद इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। बुधवार को कैरम खेल में अधिवक्ताओं ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें अधिवक्ता भगवानू नायक, अधिवक्ता विवेक तनवानी, अधिवक्ता उर्वशी घोष, अधिवक्ता संदीप शुक्ला, प्रदीप साहू सहित कई वकीलों ने उत्साहपूर्वक कैरम खेला। इसी कड़ी में मेहंदी प्रतियोगिता का निर्णय प्रथम अधिवक्ता मुस्कान सिंह भदौरिया, द्वितीय स्थान अधिवक्ता आरती शर्मा, तृतीय स्थान अधिवक्ता नगमा खातून आई है। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता का रिजल्ट प्रथम स्थान अधिवक्ता आरती कटकवार, द्वितीय स्थान अधिवक्ता ईंदरा बेन तृतीय स्थान अधिवक्ता पुजा बर्मन ने प्राप्त की हैं।

### सोशल मीडिया पर पोर्न वीडियो अपलोड, एक गिरफ्तार



**रायपुर।** राजधानी में साइबर अपराध से जुड़े एक गंभीर मामले में आजाद चौक थाना पुलिस ने महिलाओं और बच्चों से संबंधित आपत्तिजनक और अश्लील वीडियो व चित्रों को सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय नाग निवासी डबरीपारा रामकुंड के रूप में की गई है। यह कार्रवाई साइबर सेल को नई दिल्ली से प्राप्त एक विशेष रिपोर्ट के आधार पर की गई। रिपोर्ट में बताया गया था कि एक मोबाइल नंबर से महिलाओं और नाबालिग बच्चों से जुड़े आपत्तिजनक एवं अश्लील वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किए जा रहे हैं।

### शहादत दिवस पर शहीद राजीव पांडे को किया याद




**रायपुर।** विश्व की दुर्गम सैन्य चोटी सियाचिन ग्लेशियर पर राष्ट्रध्वज फहराकर मातृभूमि की सेवा में बलिदान देने वाले शहीद राजीव पाण्डेय को राजधानी वासियों ने याद किया। उनके 45वें शहादत दिवस पर महापौर मीनल चौबे,शहीद के बड़े भाई सुनील पाण्डेय, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार बागल, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता सहित गणमान्य जनों ने आदरांजलि दी।

## अभियान : किसानों को नवीन तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में 30 किसानों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा




विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रायपुर जिले के धरसीवा ब्लॉक में स्थित देवरी में किसान संपर्क कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 30 मई को आयोजित किया गया और इसमें स्थानीय समुदाय के 30 उत्साही किसानों के साथ डॉ. सुशील के शर्मा ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आत्मनिर्भर और प्रगतिशील कृषि क्षेत्र के विकास के व्यापक मिशन के तहत आधुनिक कृषि पद्धतियों, सरकारी योजनाओं और टिकाऊ खेती के तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करना था। सत्र के दौरान, किसानों को नवीन तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया और अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध सहायता के बारे में जानकारी दी गई।

इस संवादात्मक सत्र में किसानों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने अपने अनुभव, चुनौतियों और सुझावों को साझा किया। कार्यक्रम का समापन कृषि उत्पादकता और लचीलेपन में सुधार की दिशा में काम करने के लिए कृषक समुदाय की नई प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

उन्नत कृषि संकल्प अभियान के तहत इस तरह की पहल जमीनी स्तर पर किसानों को सशक्त बनाने और भारत के कृषि भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## मासिक धर्म जागरूकता दिवस पर संयंत्र ने बांटे सेनेटरी पैड



हरिभूमि न्यजू ⏭ हिरमी रावन

अल्ट्राटेक हिरमी द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत विश्व मासिक धर्म जागरूकता दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अल्ट्राटेक हिरमी इकाई के आसपास के गांवों की किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की।

कार्यक्रम में मेडिकल सेंटर से डॉ. रुचिका सुखवाल एवं उप स्वास्थ्य केंद्र से सुश्री सृष्टि वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. रुचिका सुखवाल ने मासिक धर्म के दौरान आवश्यक साफ-सफाई, पोषण, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बालिकाओं की जागरूकता को और बढ़ाया। सुश्री स्वाति वैष्णव और सुश्री सृष्टि वर्मा ने मासिक धर्म के समय आने वाली सामान्य समस्याओं और उनके समाधान के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें स्वच्छता बनाए रखने में सहायता मिले। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग से सुश्री प्रियंका, सुश्री दीपसिखा, वैभव त्रिपाठी, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, रामनिहोर साहू, उमाशंकर धीवर, तारनी राजपूत, सविता वर्मा, खेमीन पटेल और हेमलाल साहू उपस्थित रहे। अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग का यह सराहनीय प्रयास न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि समाज में मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को तोड़ने और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## छात्रों ने सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर का भ्रमण किया






हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पीएम श्री योजनान्तर्गत संचालित पीएम श्री समर कैंप योजना में विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इसमें रोबोटिक्स, ए आई, व्यक्तित्व विकास, अंग्रेजी भाषा कौशल, परीक्षा-व्यावसायिक परीक्षा के विषय में जानकारी तथा अलग-अलग परीक्षाओं की परीक्षा प्रणाली प्रश्न पद्धति, आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण पर प्रबुद्ध व्यक्तियों द्वारा विद्यालय में उपस्थित होकर आस पास के क्षेत्र के उत्सुख बच्चों को उनके बौद्धिक विकास में अपना मार्गदर्शन प्रदान दिया। इसके साथ ही साथ उत्कृष्ट विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षकों द्वारा भी अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से जैसे ओरिगामी, योग एवं मैडिटेशन, गणितीय खेल आदि विषयों में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर बच्चों की अभिरुचियों को विस्तार प्रदान किया। समर कैंप के अंतिम दिवस में नित्य उपस्थित हो रहे बच्चों को समर कैंप भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को क्षेत्र के ऐतिहासिक ज्ञानवर्धन हेतु बच्चों को छत्तीसगढ़ के एक महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थल व वैश्विक धरोहर सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर जो की 5 वीं से 8 वीं शताब्दी के मध्य दक्षिण कोशल की राजधानी थी तथा जिसका अपनी धार्मिक मान्यता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए एक मत्वपूर्ण केंद्र था का भ्रमण कराया गया। मंदिर के इतिहास के बारे बच्चों को अवगत कराया गया। विद्यालय से बच्चों के भ्रमण के कार्यक्रम को प्रातः 8.30 बजे अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अमित वर्मा सदस्य राहुल पांडेय, मंगलूराम गेंड्रे तथा विद्यालय के प्राचार्य ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी द्वारा बच्चों को भ्रमण पूर्व आवश्यक निर्देश दिया गया।

पीएम श्री सेजेस पलारी से विद्यालय की प्रधान पाठिका रश्मि साहू तथा प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय विक्की प्रधान के मार्गदर्शन में बच्चों को बस के द्वारा भ्रमण के लिए रवाना किया गया, जहां उनके द्वारा ऐतिहासिक मंदिर, म्यूजियम, पार्क आदि का भ्रमण कर बच्चे प्रफुल्लित हुए।

## नाले की मेनुअल सफाई, कच्चा नाला में मशीन उतारने में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने गुरुवार को जोन 2 के वार्ड 13 स्थित काली नगर में बारिश पूर्व नाला सफाई कार्य का स्थल निरीक्षण किया। जोन 2 कमिश्नरी द्वारा रेलवे पटरी किनारे पर बसे कालीनगर नाले की मेनुअल सफाई करायी जा रही है। कच्चा नाला होने के कारण नाला सफाई के लिए यहां पोकलेन मशीन नहीं उतारी जा सकती, इसलिए जोन गैंग के माध्यम से नाला सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

कालीनगर के नाले में फाफाडीह क्षेत्र से गंदा पानी आने के साथ ही नाला सफाई नहीं होने से जलभराव का खतरा बना हुआ है। सभापति सूर्यकांत राठौर ने बारिश पूर्व नाले की सफाई पूरा कराने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया। राजीव गांधी वार्ड की कालीनगर बस्ती में नाला सफाई का प्रत्यक्ष अवलोकन करने वार्ड पार्षद महेंद्र खोडियार, जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया इस मौके पर उपस्थित रहे।

## महिला आयोग में सुनवाई के बाद अनावेदक ने दिए 15 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में अब धोखाधड़ी के मामले भी आने लगे हैं, जिनमें लोगों को जल्द ही न्याय भी मिल रहा है। एक ऐसा ही धोखाधड़ी का प्रकरण आयोग में आया था, जिसमें एक महिला ने शिकायत की थी कि उसने अपनी जमीन को एक व्यक्ति को बेचा है। अनावेदक ने उसकी रजिस्ट्री भी करा ली है, लेकिन रजिस्ट्री कराने के बाद वह 15 लाख रुपए का भुगतान नहीं कर रहा है। आयोग में मामला पहुंचने पर इसकी पहली सुनवाई में ही अनावेदक ने स्वीकार कर लिया कि उसने जमीन खरीदी है, जिसके सौदे की राशि 15 लाख रुपए वह एक माह के अंदर भुगतान कर देगा। आयोग में गुरुवार को हुई सुनवाई में महिला शिकायतकर्ता ने बताया कि अनावेदक से उसे जमीन सौदे की पूरी राशि मिल गई है।

### सामाजिक बहिष्कार को गांव में जाकर खत्म कराया

*महिला आयोग ने सामाजिक बहिष्कार की दो शिकायतों में न्याय दिलाकर प्रकरण को खात्मा किया। आयोग ने इन प्रकरण में समाज से बहिष्कृत किए गए परिवार को गांव और समाज के लोगों के समक्ष समाज में वापस शामिल कराया। इस मामले में आयोग के सदस्यों की टीम 24 मई को बेमेतरा जिले के चंदनु थाना अंतर्गत ग्राम नरी गई थी। इन सदस्यों की मौजूदगी में बहिष्कृत की गई दो महिला के परिवार को गांव व समाज में वापस शामिल कराया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य लक्ष्मी वर्मा एवं सरला कोसरिया ने रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान कई पुराने प्रकरणों पर सुनवाई कर उनका खात्मा किया।*

## पेज 11 के शेष

### बिजली गिरने से...

आरबीसी 6-4 के प्रावधान के तहत मृतक के परिजन क्रो सहायता राशि 4 लाख का चेक प्रदान किया। गौरतलब है कि गुरुवार क्रो बलौदाबाजार तहसील के ग्राम पहंदा में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गए थे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, एसडीएम अमित गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### कला जत्था ने

संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा व बच्चे उपस्थित रहे और उन्होंने प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए जल संरक्षण की शपथ भी ली। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण से संबंधित पम्पलेट व जानकारी सामग्री भी वितरित की गई। पीएचई के कार्यपालन अभियंता मनोज कुमार ठाकुर ने बताया कि यह अभियान जिले के विभिन्न गांवों में चलाया जा रहा है, ताकि जमीनी स्तर पर जल प्रबंधन को सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को जल स्त्रोतों के संरक्षण, हैंडपंप, नल-जल योजनाओं के रख-रखाव तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ यादव झेरीया ...

पूर्व प्रदेश संरक्षक, गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, पवन वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष, रोहित साहू, पिंटू वर्मा उपा अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, उमेश यदु, लोकेश यदु, मनु यादव अध्यक्ष तरेंगा राज, नीलकंठ यादव, गजपति यादव, टोमन लाल यादव सहित समस्त पदाधिकारी झेरिया यादव समाज लवनराज को आमंत्रित किया गया है।

### धोखाधड़ी का आरोपी ...

ग्रामवासियों से पैसे उधारी लेकर, बहाना बनाते हुए, उन्हें पैसे वापस ना कर, उक्त लोगों के साथ धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| बलौदाबाजार शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| भाटापारा शहर | 5 पद | |
| कसडोल | 2 पद | वेतन 10000/- |
| लवन | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, लवन क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें 8370049468

बलौदाबाजार - 9926204007, 7898815726
भाटापारा - 6264463895, 9090090107
कसडोल - 9425891644, - 9584860177
लवन - 9179250793

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)


|| जय देवांगन ||
|| जय मां परमेश्वरी ||
|| जय महाजन ||
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ
01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीत: प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग.(पंजीयन क्र. 2338)

## खबर संक्षेप



### कृषि एवं उद्यानिकी विभाग ने वितरित किए निःशुल्क पौधे

**खरोरा**। राज्य शासन द्वारा सुशासन के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से कनकी में आयोजित सुशासन समाधान शिविर के अंतर्गत कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा आमजन को निशुल्क पौधों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा किसानों को फलदार वृक्षों से आर्थिक लाभ दिलाना रहा। शिविर में आम, अमरूद, नींबू, आंवला जैसे फलदार पौधों का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने पौध वितरण में सक्रिय सहभागिता निभाई और स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पौधों की देखभाल के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने लोगों को जैविक खेती, पौध संरक्षण तकनीक और जल संसाधन प्रबंधन जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम में धीरेंद्र कुमार वर्मा, कांत कुमार, दिनेश कुमार साहू, विनोद देवांगन, भारत लाल धुरंधर तथा हेमलाल नेताम आदि ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण विकास की दिशा में एक सार्थक कदम बताया।

### क्षेत्र में बिजली कटौती से उपभोक्ता त्रस्त

**बंगोली**। विद्युत वितरण केंद्र सारागंव से आए दिन बिजली बंद किया जा रही है। यहां बिजली बंद का कोई समय नहीं है। हल्की बारिश से ही तीन घंटा बिजली बंद हो रही है। न तूफान न आसमानी बिजली गड़गड़ाहट फिर भी बिजली बंद की जाती है । बिजली व्यवस्था ठीक करने बंगोली सहित कुर्रा, बरौंडा, अड़सेना में केबल वायर लगाया है ताकि बिजली चोरी व तार आपस में शार्ट सर्किट न हो, फिर भी बिजली उपकरण यंत्र इतना कमजोर व सस्ता है कि हल्की बारिश में बिजली न दे सके। विद्युत विभाग बिजली बिल बराबर ले रहा हैं, तो बिजली बराबर देने में नाकाम क्यों है । बिजली सेवा अनिवार्य सेवा है, जिसकी कोई समय नहीं है, जब जरुरत हो सेवा देना होता है जिसके लिये अलग अलग समय में ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई जाती है। रात में बिजली बंद मतलब कोई माई बाप नहीं और सुबह 5 बजे बिजली आती है, यह हाल विद्युत केंद्र सारागांव का है। बिजली की आंख मिचौली का खेल खेला जा रहा हैं।

### नगरी कार्यालय में तोड़फोड़, भाजपा ने सात को पार्टी से किया बाहर

**रायपुर**। भाजपा के नगरी स्थित कार्यालय में तोड़फोड़ करने वाले पार्टी के सात पदाधिकारियों को भाजपा ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने आदेश जारी कर युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य निखिल साहू, नगरी मंडल के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र धेनुसेवक, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील निर्मलकर, भोला शर्मा, गज्जू शर्मा, संत कोठारी और रवेंद्र सिंह को पार्टी की सदस्यता से निष्कासित कर दिया है।

# आशा इकाई से बाल विवाह रोकने और कानूनी संरक्षण प्रदान करना है महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बाल विवाह रोकने और बाल विवाह के शिकार बच्चों को कानूनी संरक्षण प्रदान करने की दिशा में आशा अभियान के तहत जिला आशा इकाई का गठन कर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल जाहिद कुरैशी के मार्गदर्शन में अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राणिकरण बलौदाबाजार द्वारा बाल विवाह अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह रोकने और अधिनियम के कानून के जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया। आशा इकाई के अध्यक्ष प्रधान एवं जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य सदस्य है न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, तालुका अध्यक्ष विधिक सेवा समिति भाटापारा, अपर कलेक्टर बलौदाबाजार, जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार, स्पेशल जुविनाई पुलिस युनिट, समाज कल्याण अधिकारी बलौदाबाजार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलौदाबाजार, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक बलौदाबाजार, महिला बाल विकास जिला अधिकारी बलौदाबाजार, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल, पैनल अधिवक्ता कमलेश साहू, प्रमोद तिवारी, पैरालीगल वालिंटियर नारेन्द्र देवांगन, सुखदेव सेन, अजय वर्मा, नागेश यदु है।

## कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने जिला आशा इकाई की हुई बैठक



### अभियान आशा के तहत दी जानकारी

सुश्री अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राणिकरण बलौदाबाजार द्वारा अभियान आशा के तहत बताया गया है कि अधिनियम के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की महिला और 21 वर्ष से कम आयु के पुरूष का विवाह बाल विवाह अंतर्गत आता है। बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम बाल विवाह को अवैध घोषित करता है और बाल विवाह कराने वाले व्यक्ति को सजा का प्रावधान करता है और जो बाल विवाह करता है, उसका संचालन करता है, निर्देश देता है उसे बढ़ावा देता है उसे अधिनियम में उपबंधित दण्डों से दण्डित किया जा सकता है। आशा इकाई बाल विवाह को रोकने और बाल विवाह के शिकार बच्चों को कानूनी संरक्षण प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आमजनता से यह अपील की गई है कि जिले में ऐसे बच्चे जो जिनका बाल विवाह हो रहा है या जिनका बाल विवाह हो चुका है और वह अवयस्क है कि जानकारी आशा इकाई के सदस्यों तक पहुंचा सकते हैं जिससे बाल विवाह के शिकार बच्चों की मदद की जा सके।

## आयोजन : सिक्ख पंथ के पंचम गुरुअर्जुन देव जी की शहादत को किया नमन

# गुरु अरजन देव के शहादत दिवस पर नानक दरबार में सुखमनी साहिब का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



गुरु अरजन देव की शहादत पर नानक दरबार में सुखमनी साहिब के पाठ किए गए।

सिख धर्म के पांचवे गुरु गुरु अरजन देव की शहादत पर स्त्री सत्संग द्वारा किए जा रहे सुखमनी साहिब के पाठ के विशेष दीवान जो कि लगातार 21 दिन से चल रहे थे। शुक्रवार को गुरुद्वारा नानक दरबार में शहादत दिवस पर समापन हुआ। आज सुबह 9.30 बजे से स्त्री सत्संग कमेटी की तरफ से सुखमनी साहिब के पाठ किए गए। वैरागमयी कीर्तन कर गुरु अरजन देव की शहादत को याद करते हुए ज्ञानी हरि सिंह बेदी एवं स्त्री सत्संग की महिलाओं द्वारा कथा विचार किया गया। उपरांत मीठे जल की छबील एवं चने का प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारे में कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात फव्वारा चौक में सिख समाज द्वारा छबील लगाकर मीठे जल का शरबत एवं चने का प्रसाद वितरित किया गया।

गुरु घर के प्रधान सेवादार अमरजीत सिंह भाटिया ने बताया कि गुरु अरजन देव द्वारा दी गई शहादत को आज पूरा विश्व नमन कर रहा है। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के संकलन में अमूल्य योगदान दिया और धर्म, सत्य व न्याय की रक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर किए। उनका बलिदान सहनशील, सत्यनिष्ठा, आध्यात्मिक ऊंचाई का प्रतीक है जो युगों युगों तक मानवता का मार्गदर्शन करता रहेगा। छबील की सेवा में नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, जंग बहादुर सिंह, रिंकू भाटिया, प्रितपाल सिंह भाटिया, गगन भाटिया, गोगजी भाटिया, सुखबीर सिंह, करण भाटिया, निक्कू सलूजा, अरशन भाटिया, अस्वीर सिंह, जश्नदीप सिंह, जसक्रीश भाटिया, गुरमीत सिंह, नवक्रीश भाटिया, मिन्नी भाटिया, किट्टी भाटिया, बबल भाटिया, रीत कौर, हरलीन कौर, रतन कौर, खुशी भाटिया, असरीत कौर, मनरूप भाटिया आदि ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया ।

### गुरुसिंघ सभा ने गुरु अर्जुन देव का शहीद दिवस मनाया



**भाटापारा**। नगर पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में सिक्ख पंथ के पंचम गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस को श्रद्धा के साथ मनाया गया। विगत चालीस दिनों से श्री गुरुअर्जुन देवजी की बाणी सुखमनी साहिब का पाठ प्रतिदिन साधसंगत द्वारा गुरुद्वारा साहिब में किया जा रहा था। पाठ समाप्ति उपरांत समुहसाधसंगत के लिए ठण्डी छबील का वितरण किया जा रहा था, इस हेतु श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन प्रसाद की वारी के लिए उत्सुकता से साधसंगत की श्रद्धा भावना देखने को मिली। 30 मई को गुरु अर्जुन देवजी के शहीदी दिवस पर सुबह से ही अमनप्रीत सिंघ बिलासपुर रागी सिंघों द्वारा गुरुबाणी का शबद कीरतन किया गया। इसमें समाज के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के साथ-साथ समाज के युवाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय थी। समाप्ति के उपरांत समुह साध संगत को लंगर प्रसाद के साथ साथ ठण्डी छबील का वितरण किया गया।जिसमें समाज सेवी युवाओं के साथ-साथ समाज के वरिष्ठ सदस्यों व बच्चों ने सक्रिय रूप से अपनी अपनी सेवाएं दी। इस हेतु समाज के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह सलूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष अरुण छाबड़ा, हरमिंदर चावला ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।



# भागवत कथा का समापन भक्ति और आस्था में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन



- महिलाओं ने सिर पर भागवत ग्रंथ रख शोभायात्रा में लिया हिस्सा

ग्राम मोहारा में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का समापन शनिवार को भव्य शोभायात्रा एवं रामधुनी के साथ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कथा स्थल से प्रारंभ होकर यह शोभायात्रा बस स्टैंड, गुड़ी चौक, शारदा चौक, लीला चौक होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्रीकृष्ण की महिमा का रसपान किया। मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा की पूर्णता पर कन्याओं और ब्राह्मणों को भोजन कराकर धर्म लाभ प्राप्त किया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सिर पर भागवत ग्रंथ रखकर शोभायात्रा में भाग लिया, जो श्रद्धा और संस्कृति का प्रतीक रहा। युवाओं ने भजन गायन और ढोल-मंजीरा की धुन पर रामधुन में झूमकर वातावरण को जीवंत बना दिया।

कथा वाचक पं. नंदकुमार महाराज ने श्रीमद् भागवत की अमृतमयी कथाओं से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र एवं रासलीला आदि प्रसंगों का मार्मिक वर्णन करते हुए जीवन में धर्म, भक्ति और सदाचार के महत्व को समझाया।समापन अवसर पर ग्रामवासियों ने एकता और समर्पण की भावना से इस आयोजन को सफल बनाया। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई थी। अंत में समिति द्वारा सभी यजमानों, अतिथियों और सहयोगियों का सम्मान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।इस अवसर पर ग्राम मोहारा में धर्म, संस्कृति और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला।

# धनीराम ने नेपाल में जीता रजत पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर के मीडिया सदस्य धनीराम निराला ने नेपाल के काठमांडू में कराते चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर रजत पदक जीता। यह प्रतियोगिता नेपाल स्पोर्ट्स कराते अकैडमी द्वारा दो दिवसीय 11वीं धनबहादुर अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप नेशनल स्टेडियम दशरथ रंगशाला नेपाल में आयोजित किया गया था। इसमें दी सोतोकान कराटे डो स्पोर्ट्स फेडरेशन के खिलाड़ी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच आशीष भारद्वाज की देखरेख में छत्तीसगढ़ के धनीराम निराला ने सीनियर पुरुष 75 केजी भार वर्ग कुमीते में तृतीय स्थान प्राप्त कर कास्य पदक जीता और छत्तीसगढ़ सहित भारत का नाम रोशन किया।



# समाधान शिविर में शामिल हुए शिवरतन, सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शुक्रवार को "सुशासन तिहार 2025" के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा के मल्दी में आयोजित समाधान शिविर में हिस्सा लेकर आमजन से सीधा संवाद किया। शिविर में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते हुए तत्काल समाधान के लिए अधिकारियों से कहा।

गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिकांश शिकायतें जल और विद्युत आपूर्ति से संबंधित रहीं। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए शिवरतन शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को पानी और बिजली की कोई परेशानी न हो, इसके लिए प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शिवरतन शर्मा ने कहा जनहित में चलाए जा रहे समाधान शिविरों से जनता को त्वरित राहत मिल रही है। हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

शिवरतन शर्मा ने कहा की जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान हमारी प्राथमिकता है। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और इस प्रकार के शिविर संवाद का माध्यम बनकर प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास और नागरिकों की भलाई के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जनता से अपील करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि वे अपनी समस्याओं को बेहिचक साझा करें ताकि उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सरपंच भारती राकेश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गुप्ता, सीईओ हिमांशु वर्मा, बीईओ रामजी पाल, तहसीलदार प्रेमा मिंज, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## संध्या चौपाल में ग्रामीणों ने सोखा बनाने का लिया संकल्प



**हिरमी-रावन**। ग्राम सकलोर में संध्या चौपाल कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम ग्राम के लिए महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए आयोजित किया गया था। खराब मौसम के बावजूद, सभी पंचायत प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि ने कार्यक्रम में लगन और समर्पण के साथ भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। ग्राम पंचायत सकलोर के सरपंच ममता वेदप्रकाश वर्मा, उपसरपंच कौशिल्या दुलेश धीवर, सचिव खड़ानंद वर्मा, वरिष्ठ नागरिक ठाकुरराम साहू एवं समस्त पंचगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य विभाग से सुश्री सृष्टि परगनिहा द्वारा स्वास्थ्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। सरपंच प्रतिनिधि वेदप्रकाश वर्मा द्वारा पानी के बढ़ते जल संकट से हमारा गांव कैसे जूझ रहा था और उसकी व्यवस्था नव निर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों के सहयोग से 2 दिनों में निदान कर पीने की पानी की आपूर्ति पूरे गांव में किया गया और पूरे गांव में सोखता बनाने अपील की। ठाकुरराम साहू द्वारा गांव में नशा मुक्ति के संबंध में अपील की। सरपंच ने समस्त ग्रामीणों को शपथ दिलायी। विशेष रूप से उपस्थित शिक्षा विभाग से गजरी सोनवानी (प्रधान पाठक), संतोष कुमार सिन्हा (शिक्षक), घनिष्ठा मिशा, ज्योति साहू (एमटी), हेमलता साहू, संगीता वर्मा, ईश्वरी वर्मा, शिवशंकर (पप्पू) वर्मा, आत्मा राम वर्मा, सनत कुमार सिन्हा, हीरामन मानिकपुरी, राधेश्याम वर्मा, घासीराम वर्मा, कृष्णकुमार वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समस्त मितानिन एवं गांव के समस्त महिला समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## मंत्री टंकराम ने किया भूमिपूजन, गिनाई प्रदेश सरकार की उपलब्धि

# नगर में 58.43 लाख की लागत से बनेगी पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



नगरपालिका परिषद द्वारा संचालित जल आवर्धन योजना के अंतर्गत नगर में नवीन जल टंकी निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत की गई। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को पुराने पानी टंकी परिसर में पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन संपन्न कराया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष आनन्द यादव, नपा उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर पूजा अनुष्ठान में भाग लिया।

इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं। बलौदाबाजार नगर भी इससे अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर के समग्र विकास हेतु राज्य सरकार हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। मंत्री ने बताया कि इस जल टंकी निर्माण कार्य पर कुल 58.43 लाख की लागत आएगी।

कार्यक्रम में आगमन पर कैबिनेट मंत्री वर्मा एवं नपा अध्यक्ष अशोक जैन का स्वागत सीएमओ खिरोद्र भोई द्वारा किया गया।

इस मौके पर पार्षदगण कन्हैया सेन, अमितेष नेताम, सतीश पटेल, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, सुभाष राव, मनीष वर्मा, रवि फेकर, संकेत शुक्ला, योगेश अग्रवाल, धीरज बाजपेई, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष रवि वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, राहुल सोनी, राजेश वर्मा, नीलम सोनी, सुनीता वर्मा, संतोष पटेल, भोला वर्मा, संतोष देवांगन, रितेश वर्मा, मनीष कश्यप, के.के. वर्मा, ध्यानु गुप्ता, हेमंत टिकरिहा, रवि साहू, अजय गर्ग, भारत भूषण साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### एक जून को साइकिल रैली

**धमतरी**। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर एक जून रविवार को सुबह साढ़े सात बजे से साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली स्थानीय गांधी चौक धमतरी से शुरू होकर गोलबाजार, घड़ी चौक, शिवचौक, सेंचुरी गार्डन से पुनः गांधी चौक में समाप्त होगी।

